Australian Government

NATIONAL BOWELCANCER SCREENING PROGRAM


# होम टेस्ट किट निर्देश

**2 छोटे से नमूने लें, उन्हें डाक-लिफाफे में डाल कर पोस्ट करें और बस हो गया।**


## महत्वपूर्ण

- अगले 2 सप्ताहों में टेस्ट पूरा करें
- जब आप अपने नमूने वापस भेजें तो डाक-लिफाफे में अपना फॉर्म भी भेजें।

## आपकी किट में वे सब है जिसकी ज़रूरत आपको टेस्ट करने के लिए है





1 x सहभागी विवरण फॉर्म



2 x कलेक्शन ट्यूब्स




2 x टॉयलेट लाइनर्स



1 x जिपलॉक बैग



1 x रिप्लाई पेड डाक-लिफाफा

## इससे पहले कि आप टेस्ट करें

- ✓ टेस्ट को शौचालय के करीब रखें जहाँ आपको इसे करना याद रहेगा
- ✓ उन दिनों के लिए रिमांडर सेट करें जब आप अपने नमूने लेंगे।
- ✓ किट के पिछले भाग पर समाप्ति तिथि की जांच करें। यदि किट की समाप्ति तिथि निकल गई है, तो नई किट के लिए 1800 627 701 पर कॉल करें।
- ✓ जिन दवाओं का आप सेवन करते/ती हैं, उन्हें लेना जारी रखें और जो आप सामान्यत: खाते/ती हैं, वह खाना जारी रखें।

## निम्नलिखित स्थितियों में टेस्ट न करें:

- ✗ यदि आपको पाइल्स (बवासीर) है जिसमें रक्तस्राव होता है। यदि ऐसा होता है, तो अपने डॉक्टर को दिखाएँ
- ✗ आपके पेशाब में रक्त आता है या टॉयलेट बाउल में रक्त दिखाई देता है। यदि ऐसा होता है, तो अपने डॉक्टर को दिखाएँ
- ✗ आपकी माहवारी चल रही है। आपकी माहवारी समाप्त होने के 3 दिन बाद टेस्ट करें
- ✗ आपने हाल ही में कोलोनोस्कोपी करवाई है।

## आपका परिणाम

आपके द्वारा अपने नमूने डाक से भेजे जाने के 4 सप्ताहों में आपको और आपके डॉक्टर को आपके परिणाम डाक से भेजे जाएँगे।

**नेगेटिव** परिणाम का अर्थ है कि कोई रक्त पाया नहीं गया था। आपको 2 साल में फिर से यह टेस्ट करना चाहिए।


**पॉज़िटिव** परिणाम का अर्थ है कि रक्त पाया गया था। इसका हमेशा यह अर्थ नहीं होता है कि आपको बाउल कैंसर है। ऐसे बहुत से कारण हैं कि आपके मल में रक्त हो सकता है, और अधिकांश कारण कैंसर से जुड़े नहीं होते हैं। और अधिक पता लगाने के लिए जितनी जल्दी संभव हो, अपने डॉक्टर से मिलने का समय तय करें।

टेस्ट कैसे करें, इसका वीडियो देखें **www.health.gov.au/nbcsp.**



# निर्देश

## 1 तैयारी करना




किसी एक ट्यूब पर अपना नाम, जन्म-तिथि और जिस दिन आप टेस्ट करते/ती हैं वह तिथि **लिखें**।





पेशाब करें और टॉयलेट **फ्लश** करें।

**एक टॉयलेट लाइनर को टॉयलेट में इस तरह डालें** कि लिखावट ऊपर की ओर हो यदि यह गीला हो जाए तो कोई बात नहीं।

## 2 इकट्ठा करना




लाइनर पर **मल-त्याग** करें।



**ट्यूब को घुमा कर खोलें**। स्टिक के ऊपरी भाग को मल पर घुमाएँ। आपके नमूने में बस इसके कुछ अंश की ही ज़रुरत होती है।

स्टिक को दोबारा ट्यूब में डाल दें और इसे क्लिक करके बंद कर दें। स्वाभाविक तरीके से सड़नशील लाइनर को टॉयलेट में **फ्लश** कर दें।



**ट्यूब को जिपलॉक बैग में डाल दें।**

बैग को किसी ठंडी जगह पर रखें, जैसे कि फ्रिज़। इसे फ्रीज़ न करें।

## 3 दोहराना




जब आप अपना अगला मल-त्याग करें तो दूसरी ट्यूब का प्रयोग करके **चरण 1 और 2 दोहराएँ**। आदर्श रुप से, दोनों नमूने एक-दूसरे के 3 दिन के अंतराल पर इकट्ठे करने की कोशिश करें।


फिर चरण 4 पर जाएँ।

## 4 भेजना

### जितनी जल्दी संभव हो अपने नमूनों को डाक से भेजें।




**सहभागी विवरण फॉर्म पूरा करें**। जिन तिथियों पर आपने नमूने लिए गए थे, वे लिखें और फॉर्म पर हस्ताक्षर करें।



**डाक-लिफाफे पर**, अगले भाग पर हस्ताक्षर करें और पिछले भाग पर अपना नाम और पता लिखें।

**फॉर्म और नमूनों को** डाक-लिफाफे में डालें।



**लिफाफे को डाक में भेजें**। यह ज़रुरी है कि नमूने, जितनी देर संभव हो, ठंडे रहें। इसे दिन के अधिक ठंडे समय में मेलबॉक्स में डालें या पोस्ट ऑफिस ले जाएँ।

## ? सवाल

**टेस्ट किट हेल्पलाइन:** 1800 930 998.

**नेशनल कैंसर स्क्रीनिंग रजिस्टर:**
1800 627 701.

**हमारी वेबसाइट देखें:**
www.health.gov.au/nbcsp।

## अनुवाद

Interpreter

**आपकी भाषा में जानकारी के लिए**
www.health.gov.au/nbcsp-translations.

**भाषाई और अनुवाद सेवाएँ:** 13 14 50.

PATHOLOGY SERVICES
SONIC HEALTHCARE

SPONSOR
r-biopharm

MANUFACTURER
EIKEN CHEMICAL CO., LTD.